Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 10-03-2006

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

an>

Title : Issue regarding damage to Rabi crops caused by the unseasonal rains and hailstorm in the Country.

श्री राजनरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान खास तौर से उत्तर प्रदेश में हो रही बेमौसमी बारिश से देश के किसानों एवं अन्य लोगों को हुई जन-धन एवं फसलों की बर्बादी की ओर आकर्िात करना चाहता हूं। पिछले तीन दिन, दिनांक 8, 9 और 10.3.2006 को उत्तर प्रदेश में, खास तौर से बुंदेलखंड क्षेत्र में और जहां से मैं चुनकर आया हूं, हमीरपुर, महोबा क्षेत्र में भारी बारिश, ओलावृटि और तूफान के कारण किसानों की फसल पूर्णतया बर्बाद हो गई है। इसमें काफी लोगों की जानें भी गई हैं और अनेक लोग घायल हुए हैं। गावं की बिजली व्यवस्था पूर्णतया ध्वस्त हो गई है। संचार के साधन खराब हो गए हैं। तेज हवाएं चलने से खड़ी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। पिछले चार वाींं से लगातार प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे उत्तर प्रदेश के किसानों की किस्मत खराब है कि हर बार उनके मुंह का निवाला छिन जाता है। सूखा, बाढ़, ओलावृटि के बाद इस साल शुरूआत में ही माहूं कीट से मसूर और अरहर की फसल बर्बाद हुई है। पाला से खड़ी फसल बर्बाद हो गई है और भारी बारिश के कारण पूर्णतया पककर खड़ी हुई फसल गिर गई है। पिछले साल भी मैंने सत्र के दौरान केन्द्रीय मदद के लिए मांग की थी और केन्द्र सरकार ने वहां सर्वे कराया, लेकिन पैसे के नाम पर एक रुपया भी किसानों को प्राप्त नहीं हुआ है। वैसे तो पूरा बुन्देलखंड ही बरबाद हुआ है, लेकिन मैं खास तौर पर उत्तर प्रदेश के लिए केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि वहां केन्द्रीय सर्वेक्षण टीम भेजकर किसानों को हुए नुकसान को जायजा लिया जाए तथा वहां तुरंत केन्द्रीय मदद प्रदान की जाए और एक आपदा कोा की स्थापना की जाए।